an>

Title: Need to construct a new broad gauge railway line from Jalna to Khamgaon in Marathwada and Vidarbha regions of Maharasthra.

**श्री प्रतापराव जाधव (बुलढाणा) :** अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से सदन को सूचित करना चाहूंगा कि वित्तीय वर्ष 2015-16 में जालना-खामगाव के बीच 162 किलोमीटर ब्रॉडगेज लाइन निर्माण करने का प्रावधान किया गया था, इसे पब्लिक प्राइवेट पार्टनर्शिप के तहत बनाये जाने का भी उसमें सम्बोधित किया था। इस प्रस्तावित रेलवे लाइन का मराठवाड़ा तथा विदर्भ के लोगों ने जोरदार स्वागत किया। इस रेलवे लाइन के बनने से विदर्भ तथा मराठवाड़ा को जोड़ा जा सकेगा। महाराष्ट्र में एक नया रेलवे नेटवर्क मिलने की आशा की किरण जगी थी, परन्तु एक साल हो गया, लेकिन इस रेलवे लाइन का कोई अता-पता नहीं है। उपरोक्त रेलवे लाइन विदर्भ तथा मराठवाड़ा के पिछड़े क्षेत्रों को विकास करने की एक नई शुरुआत थी। इस रेलवे लाइन पर काम नहीं शुरू किए जाने से जनता में बहुत रोष है, जनता में काफी आक्रोश है और सरकार के प्रति विरोध पनप रहा है। कुछ संगठन इस के लिए आंदोलन करने का विचार कर रहे हैं। जालना और खामगाव के बीच रेलवे लाइन बिझाने की मांग लगभग 100 साल पुरानी है।

अध्यक्ष महोदया, मैं सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं कि रेलवे बजट में प्रावधान होने के अनुसार खामगाव-जालना के बीच नई ब्रॉडगेज रेलवे लाइन बनाने का कार्य शीघ्र किया जाये और प्रस्तावित रेलवे लाइन की वर्तमान स्थिति क्या है, इससे सदन को अवगत कराया जाये। धन्यवाद।